26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 21 जून, 2026

अंक- 237 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8

www.dainikchingari.com




# योग तनाव मुक्त जीवन जीने में सहायक- मोदी

## लक्ष्य 50 की उम्र में 30 साल से ज्यादा ऊर्जावान होने का हो



**कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को शांत और तनाव-मुक्त जीवन जीने में सहायक बताते हुए कहा है कि हमारा लक्ष्य 50 की उम्र में 30 साल से ज्यादा ऊर्जावान होने का होना चाहिए। बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मुख्य समारोह का आयोजन यहां के रेड रोड पर आयोजित किया गया, जिसकी अगुवाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। इस अवसर पर श्री मोदी कहा, हम हेल्दी एजिंग (उम्र बढ़ने के साथ सेहतमंद रहने) के लिए योग की बात करते हैं, तो इसका मतलब है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर सकते हैं कि उम्र बढ़ने से इंसान की क्षमता कम न हो। योग इंसान को लगातार आगे बढ़ने और विकास करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, योग हमारे शरीर को लचीला बनाने में मदद करता है। यह हमारी ऊर्जा स्तर लेवल को बनाए रखता है। यह हमें शांत और तनाव-मुक्त जीवन जीने में भी मदद करता है। नियमित अभ्यास से योग हमें जीवन भर अपने शरीर और मन को समझने और सीखने वाला बनाता है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि 40 की उम्र में हम 20 की उम्र की तुलना में ज्यादा लचीले हों। हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि 50 की उम्र में हम 30 की उम्र की तुलना में ज्यादा ऊर्जावान हों। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बदलाव के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के तहत राज्य में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम को लेकर व्यापक इंतज़ाम और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी।

## वधू चाहिए

क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।

सम्पर्क करें- 8218839150


## आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।

कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

## रबर बॉय ने पेड़ की डाल पर योग किया




यूपी में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज सीएम योगी ने 45 मिनट तक योग किया। प्रयागराज माघ मेले के दौरान रबर बॉय के नाम से मशहूर हुए आदर्श पांडेय ने पेड़ की डाल पर योग किया। काशी में महिलाओं ने गंगा के बीच क्रूज पर योगासन किए। छात्रों ने पानी आसन किये।






# हल्दौर में उत्साहपूर्वक मनाया गया योग दिवस


साईं इंटरनेशनल स्कूल


सरस्वती शिशु विद्या मंदिर

## भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है योग- चंचल वशिष्ठ

**हल्दौर ( चिंगारी )**। साईं इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने अपने संदेश में कहा कि वर्तमान समय में स्वस्थ शरीर और शांत मन के लिए योग सबसे प्रभावी माध्यम है। योग न केवल हमें रोगों से दूर रखता है, बल्कि आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और एकाग्रता को भी बढ़ाता है। विद्यालय परिसर पूरे समय उत्साह, ऊर्जा और सकारात्मकता से परिपूर्ण रहा।

**डॉ. फकीर चन्द सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर** में 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। योगाचार्य प्रदीप रस्तौगी रहे, जिन्होंने प्राणायाम कपालभाती अनुलोम विलोम भ्रामरी प्राणायाम योगासन आदि का अभ्यास कराया। योग दिवस के अवसर पर अतुल अग्रवाल, संदीप रस्तौगी, प्रवीण रस्तौगी, नरेंद्र सिंह नरुका, अन्नी ज्वैलर्स कनिष्क प्रकाश, शिवम, रोहिताश सिंह, बृजपाल सिंह, हेमराज सिंह, प्रेमराज, राजीव कुमार, अंकित कुमार, राजकुमार, शीशपाल सिंह, महेश सिंह, घसीटा सिंह, अमित कुमार, सोमपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, कामना शर्मा, सुशीला, सविता, कविता, नीलम, ईशु, समस्त आचार्य/आचार्या उपस्थित रहे तथा अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योग शाखा व नगर के अन्य समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

## पालिकाकर्मियों ने भी किया योगाभ्यास



**हल्दौर ( चिंगारी )**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय पर समस्त कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ योग दिवस मनाया। नगर पालिका कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में योगाचार्य सुधीर कुमार व मनोहर सिंह कश्यप ने सभी कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के योगासन का अभ्यास कराया और कहा कि शरीर स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग अवश्य करें। इस मौके पर अजय मोहन शर्मा, अरुण कुमार, अंकित कुमार, शक्ति सिंह, मदन सिंह, जितेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, संजय कुमार आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## योग जीवन जीने की कला- रावत

**मंडावर ( चिंगारी )**। योग दिवस पर आज मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, मंडावर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत एवं समस्त स्टाफ ने सामूहिक योगाभ्यास कर निरोगी रहने का संकल्प लिया। डॉ. मदन सिंह रावत ने बताया कि योग केवल आसनों तक सीमित नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की कला है। यह हमें तन, मन और विचारों को शांत रखना सिखाता है। योग प्रशिक्षक मुनीश चौहान ने सभी को योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम के अन्त में एक पेंड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।




## योग से ईश्वर का साक्षात्कार होता है- विष्णु मित्र



**बिजनौर ( चिंगारी )**। आर्य समाज आत्मानन्दधाम, बिजनौर के तत्त्वावधान में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी के ब्रह्मत्व में श्रद्धालुओं ने यज्ञ सम्पन्न किया। यज्ञ के उपरान्त आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने सम्बोधित किया कि योग दिवस को केवल व्यायाम का दिन न मानकर इस पर्व से सबको प्रतिदिन योगाभ्यास करने का संकल्प लेना चाहिये । समाधि को योग कहते हैं। योग ईश्वर से मिलने का साधन है। चित्तवृत्ति निरोध के लिए यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि का नियमित अभ्यास करना चाहिए। यही ब्रह्मा से लेकर योगिराज महर्षि दयानन्द सरस्वती पर्यन्त सब ऋषियों का आदेश है । समारोह में देवेन्द्र सैनी, अमरीश आर्य, महाराज सिंह आर्य, अतरसिंह आर्य, रूपचन्द आर्य, अशोक आर्य, कल्याण सिंह आर्य, उषा आर्या इत्यादि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## योग भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार- भूदेव सिंह

**मंडावर ( चिंगारी )**। एलआरडी एसवीएम इंटर कॉलेज मंडावर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य योग प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह राजपूत, आचार्य देवेंद्र कुमार, अमित कुमार एवं अंकुश कुमार ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक भूदेव सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज संपूर्ण विश्व ने अपनाया है।



### आज का विचार

## 'योग धार्मिक नहीं शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की कुंजी है!'

-हिंदुस्तानी



21 जून हर वर्ष योग दिवस के रूप में पूरी दुनिया में मनाया जाता है। यह हिंदू धर्म का पूजा-पाठ नहीं, बल्कि हर देश, हर जाति और हर धर्म के मानने वालों के लिए वरदान है। योग प्रशिक्षक की देखरेख में विभिन्न योग नियमित रूप से करने से न केवल शरीर बल्कि आपका मन भी निरोग और समग्र स्वास्थ्य लाभ होते हैं। योग से इंसान के दिल दिमाग़ को ऑक्सीजन की बेहतर सप्लाई होती है। उसके जिस्म के साथ उसके मन की कैफ़ियत भी बदलने लगती है। टेंशन, ब्लड प्रेशर और दिल घबराने की शिकायत कम होने लगती है। योग करने से पॉजिटिव सोच पैदा होती है। काल्पनिक डर सोच से दूर चले जाते हैं। समझ उदार होने लगती है। संवेदनशील और संयमी व्यवहार भी योग से आने लगता है। समस्याओं से लड़ने की क्षमता और समाज के साथ मिलकर चलने की कला भी योग का बाई प्रोडक्ट माना जाता है। यह प्राचीन भारतीय परंपरा आसन, प्राणायाम, ध्यान और नैतिक अनुशासन पर आधारित है, जो शरीर और मन को संतुलित करती है। वैज्ञानिक अध्ययनों, जैसे श्रवीदे भ्वचापदे, भ्मंसजीसपदम, छब्ब्भ् आदि के अनुसार शारीरिक लाभ में योग आसनों से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, जोड़ लचीले बनते हैं और गिरने का खतरा कम होता है। पीठ दर्द, गठिया और जोड़ों की समस्या में राहत, कई अध्ययनों में योग को पीठ दर्द और गठिया के लक्षणों को कम करने में प्रभावी पाया गया है।




यह रक्तचाप कम करता है, सूजन घटाता है और हृदय रोग के जोखिम को कम करता है। श्वसन, ऊर्जा और चयापचय में सुधार के अनुसार बेहतर सांस लेने से ऑक्सीजन सप्लाई बढ़ती है, वजन नियंत्रण में मदद मिलती है। बेहतर मुद्रा, हड्डियों की मजबूती, नींद की गुणवत्ता में सुधार और प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होना भी इसके लाभ हैं। तनाव, चिंता और अवसाद में कमी, गहरी सांस और ध्यान से कोर्टिसोल हार्मोन कम होता है, मन शांत रहता है। एकाग्रता, जागरूकता और भावनात्मक संतुलन बच्चों से लेकर वयस्कों तक फोकस बढ़ाता है और आत्म जागरूकता विकसित करता है। समग्र कल्याण के हिसाब से देखें तो नींद बेहतर होती है, मूड अच्छा रहता है और जीवन की गुणवत्ता बढ़ती है। स्वामी विवेकानंद, बीकेएस, आयंगर, पट्टाभि जोइस जैसे योग गुरुओं ने इसे पश्चिमी दुनिया तक पहुंचाया। संयुक्त राष्ट्र की भूमिका देखें तो 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। इसे 175 देशों ने समर्थन दिया, यहां तक कि सऊदी अरब जैसे देशों में भी स्कूल-कॉलेज में योग आ चुका है। नियमित अभ्यास से ही पूर्ण लाभ मिलता है। लेकिन पहले से बीमार दर्द के शिकार और सीनियर सिटीजन को ट्रेनर से जानकारी करके ही योग करना चाहिए।

**ज़ाहिदे तंग नज़र ने मुझे काफिर समझा ।**
**और काफिर ये समझते हैं मुसलमान हूं मैं ।।**

## हर्षोल्लास से मनाया राहुल गांधी का बर्थडे

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन अफजलगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अज़ीम अंसारी के आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अज़ीम अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं तथा पार्टी की नीतियों को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अज़ीम अंसारी, ठाकुर उत्तम सिंह, रियासत हुसैन अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद इशाक, विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस अनस खान, यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष फैसल सैफी, मुमताज हुसैन, गुरविंदर सिंह, शकील अहमद, मुज़फ्फर हुसैन, मोहम्मद फारूक, दीपक कुमार, नदीम अहमद सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित



## काकरान वाटिका में 5 जुलाई से होगी दिव्य रामकथा

**बिजनौर ( चिंगारी )**। काकरान वाटिका में श्रीराम कथा के आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी की अध्यक्षता खिलेंद्र जी ने की और मुख्य यजमान के रूप में दुष्यंत कुमार विराजमान रहे। सभी की सहमति से कथा समिति का गठन किया गया। 5 जुलाई से 13 जुलाई तक काकरान वाटिका में श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन होगा। कथा की व्यवस्थाओं व कार्य योजना पर सभी सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किए और बहुमूल्य सुझाव दिए। समिति के कार्य का विभाजन करते हुए सभी को उनकी योग्यता अनुसार दायित्व सौंपे गए। प्रत्येक सदस्य ने अपने कार्य को पूर्ण श्रद्धा व समर्पण से संपन्न करने की प्रतिज्ञा ली। सभी ने इस राम कथा को सफल बनाने के लिए मन, वचन और कर्म से सहयोग का वचन दिया। यह मंगलमय आयोजन बिजनौर के आदमपुर रोड पर स्थित काकरान वाटिका प्रांगण में संपन्न होगा। कलश यात्रा 5 जुलाई 2026, रविवार को गीता नगरी शिव मंदिर से प्रात: 9.30 से आरंभ होकर कथा स्थल पहुंचेगी। प्रतिदिन कथा अपराह्न 3 बजे से सायंकाल 6 बजे तक होगी। व्यास पीठ पर श्री योगेंद्र माधव भारद्वाज जी विराजकर अपने वाणी माधुर्य से राम कथा का अमृतपान कराएंगे। राम भक्तों से विनती की गई कि वे परिवार सहित पधारकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें। बैठक में समिति के अध्यक्ष खिलेंद्र जी, सचिव नितिन बालयान, उपसचिव कामेंद्र और अन्य पदाधिकारी अरविंद चौधरी, गौरव चौधरी, राहुल राठी, दिग्विजय सिंह, गौरव यादव, ब्रजनन्दन चौहान, अरुण, सात्विक भटनागर वंदना चौहान, मेघा गर्ग, तरुण गुप्ता, शुभम गौड़,जयदीप मलिक आदि मौजूद रहे।



## विद्युत कटौती बनी परेशानी का सबब, भीषण गर्मी में परेशान हैं सब

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। भीषण गर्मी के बीच अनियमित विद्युत आपूर्ति आम जनता के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गई है। बार-बार होने वाली बिजली कटौती तथा विद्युत व्यवस्था में आ रही तकनीकी खामियों के चलते लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रात में कई-कई घंटे बिजली गुल रहने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों एवं नगरवासियों का कहना है कि कई स्थानों पर विद्युत लाइनें एवं उपकरण जर्जर अवस्था में हैं, जिनकी समय रहते मरम्मत नहीं की जा रही है। इसके चलते आएदिन फॉल्ट होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। शाम के समय बिजली न रहने से गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर अंधेरा छा जाता है, जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का भी खतरा बना रहता है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी लोगों में चिंता बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा जर्जर तारों और उपकरणों की मरम्मत कराई जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।**









# योग है जीवन का आधार, सभी करें इसे अंगीकार- कपिलदेव



योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए क्रमशः प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाधिकारी जसजीत कौर, एसपी अभिषेक झा, सदर विधायक सुचि चौधरी, एसडीएम सदर रितु चौधरी, भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नेहरू स्टेडियम में हुआ वृहद कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज नेहरू स्टेडियम में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक प्रशांत महर्षि के निर्देशन में प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, पवनमुक्तासन, मकरासन, भुजंगासन एवं शवासन सहित विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। योग शिक्षक के रूप में राघव मेहरा, सुनील राजपूत आदि मौजूद रहे। योग दिवस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण भी सुना गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, सदर विधायक सुचि चौधरी, भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह, सीडीओ रणविजय सिंह, एसडीएम सदर रितु रानी, चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, भाजपा नेता सी.पी. सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, कर्मचारी नेता राकेश शर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, डॉ. मंजू चौधरी, संजू प्रधान, कविता सिंह, मानव सचदेवा, योगेंद्र पाल सिंह योगी, चौ. धीर सिंह, विनय राणा, लाला विवेक गुप्ता, गणेश ठाकुर, श्रीमती रीना अग्रवाल, आदेश चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग जीवन के उत्थान के लिये है। उन्होंने लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संपूर्ण जनपद में व्यापक रूप से योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने योग संस्थाओं और उनके प्रतिनधियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया।



प्रभारी मंत्री को तुलसी का पौधा भेंट करते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर।

## करें योग रहें निरोग- ओमकुमार

**नहटौर ( चिंगारी )**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्र में योग कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ओम कुमार ने अपनी धर्मपत्नी शोभा रानी के साथ सरस्वती शिशु मंदिर नहटौर, विकास खण्ड परिसर तथा ओम इंटरनेशनल स्कूल माहेश्वरीजट में आयोजित योग शिविरों में सहभागिता कर योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह के साथ प्राणायाम और विभिन्न आसन किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओम कुमार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित रखने का माध्यम है। उन्होंने नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारी संख्या में शिक्षक, छात्र और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, विनिता शर्मा, रमेशचंद्र शर्मा, विशेष कुमार, चरण कुमार शर्मा, अशोक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विनिल त्यागी, देवराज चौधरी, उर्मिला पाल, मंजीत कुमार, सूर्य शुक्ला, अनुभव विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## योग से स्वस्थ रहने के गुर बताये

**बिजनौर ( चिंगारी )**। कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिनांक 21.06.2026 को योग कराया गया, जिसका थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रहा। योगाचार्य धीरज भारद्वाज ने सभी को योग द्वारा शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्तर पर स्वस्थ रहने के गुर बताए। इसके साथ ही कॉलेज में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया गया। कॉलेज निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने सभी को स्वस्थ रहने हेतु जीवन में अधिक से अधिक योग अपनाने का आवाहन किया। इस अवसर पर मनोज कुशवाहा, डॉ. लोकेश अग्रवाल, अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम राजपूत, विभोर राजवंशी, डॉ. फैसल अंसारी उपस्थित रहे।



## योग दिवस कार्यक्रम में योगमय जीवन के लिये प्रेरित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )**। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि परिवार बिजनौर द्वारा आज 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शहनाई बैंकट हॉल बिजनौर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि बरखा अग्रवाल एवं अचल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि निपेंद्र सिंह, डॉ. सुभाष, श्रीमती रितु चोपड़ा, लकी चोपड़ा, राकेश अग्रवाल आदि द्वारा किया गया । बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती बरखा अग्रवाल, संचालन श्रीराम सिंह आर्य ने किया। डॉ. नीरज कुमारी चौधरी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। शीर्षासन संजीव चौधरी, चक्रासन विशाल सैनी एवं अवयम, सूर्य नमस्कार नित्या चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया। श्रीमती बरखा अग्रवाल द्वारा दैनिक जीवन में योग का महत्व बताया। संरक्षक श्री धीर सिंह द्वारा योग को नियमित करने एवं योगमय जीवन जीने के लिए साधकों को प्रेरित किया। विशाल सैनी, भूपेंद्र सिंह, योगेश्वर शर्मा, एनके वर्मा, नरेश अग्रवाल, सुरेंद्र गोयल, राज सिंह, रंजना हरित, पारूल चौधरी, सुमन चौधरी, बीना चौधरी, शिव देवी पाल आदि का योगदान रहा। अंत में श्री बीआर पाल जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान द्वारा योग साधकों का धन्यवाद किया गया।






## कॉलेज में हुआ योग कार्यक्रम

**नगीना ( चिंगारी )**। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एमएम इंटर कॉलेज प्रांगण में स्कूल के शिक्षकों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर के निर्देशन में योग प्रशिक्षक शहजाद अहमद के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस मौके पर रामकुमार सिंह, बृजमोहन सिंह, सचिन कुमार, मोनिस हिलाल, शहजाद हुसैन एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग दिवस पर नगर पंचायत झालू के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**झालू ( चिंगारी )**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार प्रातः नगर पंचायत झालू के तत्वावधान में स्कूल रोड स्थित मनोकामना मंदिर झालू के प्रागंण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को प्रतिदिन कम से कम 15 से 30 मिनट योग करने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, अनेक बीमारियों से बचाव होता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा मन को शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी नागरिकों से स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन के निर्माण हेतु योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का भी आह्वान किया गया।











# मोहर्रम पर शांति और क़ानून व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट

## प्रकाश व्यवस्था और सोशल मीडिया निगरानी पर दिया विशेष जोर



**बिजनौर ( चिंगारी )। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता और सतर्कता के साथ निर्वहन करें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सजग रहें।

उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में ताजिया मार्गों का संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही जहां सड़क, विद्युत तार, जलभराव अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या हो, उसका समयबद्ध समाधान कराने को कहा, ताकि जुलूसों के संचालन में कोई बाधा न आए। डीएम ने नगर निकायों को ताजिया मार्गों पर विशेष साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वहीं विद्युत विभाग को जुलूस मार्गों पर लटक रहे बिजली के तारों को तत्काल दुरुस्त कराने तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक प्रबंध करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि जनपद में मोहर्रम का आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, सभी उपजिलाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर में खुशी ने टॉप किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर (फाइनल ईयर) का परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमें खुशी ने 85.7 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, खुशी गुप्ता ने 84.8 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व राधिका ने 81.6 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव उदयन वीरा, रुचि वीरा सांसद मुरादाबाद व स्वाति वीरा महाजन ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था निदेशक प्रो.(डा.)अमित कुमार बंसल ने उत्कृष्ट परीक्षाफल हेतु डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश अग्रवाल व विभागाध्यक्ष विभोर राजवंशी व शिक्षकगण सुधीर लाबा, सरिता बंसल, विवेक कुमार, गजेंद्र सिंह, निकिता सिंह आदि को बधाई दी।

# बिजनौर में मोहर्रम के कार्यक्रमों की घोषणा

### 10 मोहर्रम तक निकलेंगे जुलूस, होगीं मजलिसें




**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंजुमन सरकार-ए-हुसैनी, बुखारा (बिजनौर) द्वारा मोहर्रम 2026 के कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गई है। कार्यक्रम के अनुसार 6 मोहर्रम से 10 मोहर्रम तक शहर में विभिन्न स्थानों पर मजलिसों का आयोजन किया जाएगा तथा अलम, मेहंदी, जुलजनाह और ताजियों के जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से निकाले जाएंगे।

कार्यक्रम के अनुसार 6 मोहर्रम को सुबह 10 बजे इमामबाड़ा बुखारा में मजलिस आयोजित होगी, जिसके बाद हजरत औन व मोहम्मद का जुलूस निकाला जाएगा। 7 मोहर्रम को दोपहर 2 बजे ग्राम पेदी सादात से अलम का जुलूस शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए इमामबाड़ा बुखारा पहुंचेगा। यहां अंजुमन-ए-अब्बासिया, पेदी सादात की ओर से मजलिस आयोजित की जाएगी। इसी दिन रात्रि 10 बजे इमामबाड़ा बुखारा से हजरत कासिम की मेहंदी का जुलूस निकाला जाएगा, जो निर्धारित मार्ग से होकर पुनः इमामबाड़ा पहुंचेगा। 8 मोहर्रम को दोपहर 1 बजे अंजुमन सरकार-ए-हुसैनी, बुखारा की ओर से अलम का जुलूस निकाला जाएगा, जो पेदी सादात पहुंचकर मजलिस में शामिल होगा।

9 मोहर्रम को दोपहर 2.30 बजे काजीपाड़ा स्थित अली अब्बास मरहूम के इमामबाड़े में मजलिस होगी। इसके बाद अलम का जुलूस काजीपाड़ा, जाटान, पठानान, शम्भा बाजार, सर्राफा बाजार, घंटाघर, शम्भू दयाल चौराहा, बुल्ला का चौराहा और नई बस्ती होते हुए इमामबाड़ा बुखारा पहुंचेगा। इस जुलूस में जनपद की अनेक अंजुमनों के शामिल होने की संभावना है। 10 मोहर्रम (यौमे आशूरा) को दोपहर 2 बजे इमामबाड़ा बुखारा में मजलिस शुरू होगी। मजलिस के बाद अलम, जुलजनाह और ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा, जो नई बस्ती स्थित कर्बला पहुंचकर समाप्त होगा। वहां ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। अंजुमन सरकार-ए-हुसैनी, बुखारा के सचिव अफरोज नकवी ने सभी अकीदतमंदों से कार्यक्रमों में शिरकत करने की अपील की है।

# मोदी जी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास हुआ : ओमकुमार



**नहटौर ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमकुमार ने केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के, अभियान के अंतर्गत ग्राम फड़ियापुर, बल्दिया, ईनामपुरा एवं कुकड़ा में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए ग्राम चौपालों के माध्यम से क्षेत्रवासियों के साथ संवाद किया।

इस दौरान विधायक ओम कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण तथा गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, भाजपा मंडल अध्यक्ष हल्दौर पीयूष चौहान, अनिल सिंह, भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन राकेश कुमार, फकीरचंद डायरेक्टर साहब, सुधीर प्रधान, संजय शर्मा (बूथ अध्यक्ष भाजपा), अतुल चौधरी, डा. सोहित, कुनाल चांग, दर्पण रावल, नीरज डबास, वरुण प्रताप (हनी प्रधान), रामकुंवर प्रधान, राजेंद्र सिंह, सागर सिंह प्रधान, सूरज (बूथ अध्यक्ष) एवं सोनू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बिजनौर के तीन स्कूलों की मान्यता रद्द

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रदेश भर में बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 जिलों के 465 विद्यालयों की मान्यता निरस्त कर दी है। इस कार्रवाई की जद में बिजनौर जिले के भी तीन विद्यालय आए हैं। निर्धारित मानकों का पालन न करने और अन्य कमियों के चलते इन विद्यालयों की मान्यता समाप्त की गई है। शनिवार को यूपी बोर्ड की ओर से निर्धारित मानकों का पालन न करने और अन्य कमियों के चलते प्रदेश भर के 465 विद्यालयों की मान्यता निरस्त की गई है। यूपी बोर्ड की जद में बिजनौर के तीन विद्यालय केपीएम एकेडमी गर्ल्स इंटर कॉलेज नजीबाबाद, एसपीएस पब्लिक इंटर कॉलेज नगीना व सुमित्रा देवी एमजीआईसी धमरौला की मान्यता निरस्त की गई है, जिससे जिले के अन्य विद्यालयों के संचालकों में हड़कंप मचा है। बोर्ड की इस कार्रवाई को शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। डीआईओएस डीके सक्सेना ने बताया कि नियमों का पालन न करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई होना तय है।

# किसी के प्रति कटुता का भाव न रखें- ज्ञानी जसवीर सिंह



**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरुवाणी कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। माता सुंदरी दल के जत्थे ने गुरुवाणी के कीर्तन की साध संगतों को निहाल किया। इस दौरान जत्थेदार ज्ञानी सरदार जसवीर सिंह खालसा ने बताया कि मानव जीवन पाने वाले सांसारिक प्राणी गुनाहों, अपराधों और जाने-अनजाने किए गए पापों को वाहेगुरु के चरणों में सौंप दें और नाम सिमरन के माध्यम से पुण्य कर्मों को अपने जीवन का अंग बनाने का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि तन-मन और धन तीनों में से कोई भी वस्तु मरणोपरांत साथ नहीं जाती और केवल दया-परोपकार, सेवा और सिमरन आदि कार्य साथ जाते हैं, इसीलिए किसी भी व्यक्ति के प्रति हमें अपने मन में कटुता का भाव न रखकर हमेशा उसके भले के लिए अरदास करनी चाहिए, क्योंकि विश्व के प्रत्येक गुरुद्वारे से भी अरदास के माध्यम से गुरुवाणी उच्चारित की जाती है, जिसका सीधा संदेश यही है कि हमेशा दूसरे की भलाई की भावना हमारे मन और मस्तिष्क में बनी रहनी चाहिए। इस अवसर पर सरदार बलजीत सिंह गांधी, जोगा कुलजीत कौर गांधी, सरदार बलवीर सिंह गांधी, जसवीर कौर गांधी, सरदार सतनाम सिंह गांधी, अमनप्रीत कौर गांधी, सरदार कुलदीप सिंह गांधी, इंद्रजीत कौर गांधी, सरदार मंजीत सिंह गांधी, रोजी गांधी आदि सहित सभी गांधी परिवारों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन सामूहिक अरदास एवं गांधी परिवार की ओर से आयोजित विशाल लंगर से हुआ।

# रामलीला क्षेत्र में दिनदहाड़े फायरिंग से सनसनी

## युवक की तलाश में पहुंचे थे हथियारबंद

**बिजनौर ( चिंगारी )। रामलीला क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाद उस समय दहशत फैल गई, जब बाइक सवार पांच से अधिक हथियारबंद युवक एक युवक की तलाश में पहुंचे और उसके नहीं मिलने पर हवाई फायरिंग कर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार दोपहर बाद कई युवक बाइकों पर सवार होकर रामलीला क्षेत्र पहुंचे। उनके हाथों में तमंचे थे। वे एक युवक की तलाश कर रहे थे। बताया जाता है कि आरोपी उसके घर तक भी पहुंचे, लेकिन युवक के नहीं मिलने पर उन्होंने कई राउंड फायरिंग की और फरार हो गए।

गोली चलने की आवाज सुनकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और कुछ ही देर में घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आबकारी चौकी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से जानकारी जुटाई। सूत्रों के अनुसार शहर में पिछले कुछ दिनों से युवकों के दो गुटों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। कुछ दिन पहले देव कॉलोनी क्षेत्र में भी दोनों पक्षों के बीच विवाद और फायरिंग की घटना सामने आई थी, जिसमें पुलिस ने कई युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। ऐसे में शनिवार की घटना को पुरानी रंजिश का नतीजा माना जा रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**शहर कोतवाल अमर सिंह राठौर का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और फरार युवकों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।**

# खुलासा : मुंह दबाकर की गई थी गर्भवती महिला की हत्या, पति को भेजा जेल



**मंडावर ( चिंगारी )।** बीमारी से नहीं, मुंह दबाकर की गई थी आठ माह की गर्भवती महिला की हत्या। यह खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर महिला के पति, ससुर, जेठ व ननद, नन्दोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि अन्य आरोपी अभी फरार हैं।

मंडावर थाना क्षेत्र के गांव सीमला खुर्द नई बस्ती निवासी मुकेश सैनी की शादी चार वर्ष पूर्व थाना कोतवाली शहर के मोहल्ला जाटान निवासी हरिओम की पुत्री मीनाक्षी के साथ हुई थी। शुक्रवार की सुबह मीनाक्षी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। मीनाक्षी आठ माह की गर्भवती थी। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने पति सहित ससुराल पक्ष पर मीनाक्षी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। जबकि मुकेश के परिजन व ग्रामीण बीमारी के कारण उसकी मौत होना बता रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला कि मौत मुंह दबाने के कारण दम घुटने से हुई थी। पुलिस ने शनिवार को महिला के पति मुकेश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष संजय तोमर ने बताया कि फरार चल रहे अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# शानदार रहा आरबीआई का बीटेक परीक्षाफल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिजनौर के बी.टेक फाइनल इयर का परीक्षाफल डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। बी.टेक फाइनल इयर में स्वेता सैनी (सिविल इंजीनियरिंग) ने 90.5 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, रितिक सिंह (कम्प्यूटर सांइस एंड इंजीनियरिंग) ने 89.1 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व रीतिका वैश (सिविल इंजीनियरिंग) ने 89.4 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त संस्थान के सभी विद्यार्थी बहुत अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुये। संस्थान के फाइनल इयर के 123 विद्यार्थियों में से 91 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। कम्प्यूटर साइन्स एंड इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट का चयन काउंसिल ऑफ साइन्स एंड टेक्नालाजी लखनऊ द्वारा किया गया। प्रोजेक्ट को पूर्ण करने के लिए छात्रों को काउंसिल ऑफ साइन्स एंड टेक्नालाजी लखनऊ द्वारा सहायता धनराशि दी गई। प्रोजेक्ट पूर्ण होने के बाद काउंसिल ने छात्रों को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया और प्रमाण-पत्र भी दिया। प्रबन्ध निदेशक सन्नी देशवाल और टेक्नोलॉजी निदेशक डॉ. नितिन अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं।

# कष्टों और क्लेश का एकमात्र समाधान सत्संग- दाताराम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जय भक्ति राम चतुर्भुज धाम समिति के संस्थापक महंत दाताराम महाराज ने कहा कि सत्संग का लाभ अक्षुण है यह कभी समाप्त नहीं होता, अन्य सभी लाभ क्षणिक होते हैं। महंत दाताराम महाराज जय भक्ति राम चतुर्भुज धाम समिति के तत्वावधान में समीपवर्ती गांव हसनपुरा में गंभीरानंद महाराज के निवास पर आयोजित सत्संग में प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन के समस्त कष्टों, भ्रमों और क्लेश का एकमात्र समाधान सत्संग है। जय भक्ति राम चतुर्भुज धाम के उपाध्यक्ष योगानंद महाराज ने कहा कि सच्चे सदगुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही मनुष्य का जीवन सार्थक होता है। सत्संग में गोविंदनंद महाराज, गोपालानंद, परमात्मानंद, धर्मानंद, कृष्णानंद, सत्यानंद, गंभीरानंद महाराज ने अपने वाणी से प्रवचन एवं भजनों के माध्यम से उपस्थित भक्तों को सदगुरु की महिमा और ईश्वर के गुणों का गुणगान किया।

# गैर इरादतन हत्या में 10 साल की सज़ा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना श्री शारिक सिद्दीकी ने गैर इरादतन हत्या के मामले में अभियुक्त विनोद को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के अनुसार नगीना देहात ग्राम हरगनपुर निवासी अज्जो उर्फ अजय पुत्र फूल सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 सितंबर 2020 को गांव के ही विनोद पुत्र इंदर ने उसकी 4 वर्षीय पुत्री के साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर में खुली चोट आई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत सही न होने पर उसे दिल्ली के एम्स अस्पताल में रैफर किया गया, जहां उपचार के दौरान 2 अक्टूबर 2020 को उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना श्री शारिक सिद्दीकी ने गैर इरादतन हत्या का अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त विनोद को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 के तहत दस वर्ष कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# पानी की एक-एक बूंद को तरसे 9 गांवों के लोग

## पेयजल आपूर्ति का जिम्मा निजी कंपनी को मिलते ही व्यवस्था हुई बदहाल



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भयंकर गर्मी में नांगल सहित 9 गांवों की पेयजल आपूर्ति पिछले 5 दिनों से ठप पड़ी हुई है, जिससे ग्रामीण पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं। नये नलकूप को ओवरहेड टैंक से सम्बद्ध किया गया, तो विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी संभाल रही कंपनी तथा जल निगम के जिम्मेदार अधिकारी मामले में उदासीन रवैया अपनाये हुए हैं।

भयंकर गर्मी में पानी की अधिक आवश्यकता पड़ती है, लेकिन नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, खानपुर, सराय आलम, जालपुर, सैदपुरी, शेरपुर अभि, असलमपुर झोझा गांवों में नांगल स्थित ओवरहेड टैंक से होने वाली पेयजल आपूर्ति पिछले 5 दिनों से बंद है। जब से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था निजी कंपनी के हवाले हुई है, तबसे व्यवस्था का बंटाधार हो गया है। कंपनी कोई मरम्मत कार्य समय से पूरा नहीं करा पाती है। सर्वश्री डालचंद, सोनू, अभयराम सिंह, अमित, गुड्डू, साजिद, शमशाद, सरताज, नईम, फिरोज आदि का कहना है कि जबसे पेयजल आपूर्ति का कार्य निजी कंपनी के हवाले हुआ है, तबसे आयेदिन पेयजल आपूर्ति ठप रहती है। एक दिन में होने वाला मरम्मत कार्य कई-कई दिन में पूर्ण किया जाता है। नियमित आपूर्ति करने वाला नलकूप खराब हो जाने के दो दिन बाद शुक्रवार की देर शाम जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बने नये नलकूप को ओवरहेड टैंक से सम्बद्ध किया गया था, लेकिन पेयजल आपूर्ति शुरू हो पाती, उससे पहले ही सम्बन्धित ट्रांसफार्मर फुंक गया है। दूसरा विद्युत ट्रांसफार्मर आने पर ही नया नलकूप चालू हो पायेगा। जल निगम के जेई अक्षय कुमार का कहना है कि पेयजल आपूर्ति को सुचारू करने के प्रयास किये जा रहे हैं। पुराने नलकूप को ठीक कराया जा रहा है। जबकि विद्युत निगम के जेई नूतन प्रकाश का कहना है कि फुंके ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

# घुटने के रोगियों के लिये आशा का केन्द्र बनकर उभरा विवेक हॉस्पिटल

## घुटने व कूल्हे के सफल प्रत्यारोपण से मरीजों को मिल रहा नया जीवन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बढ़ती उम्र, गठिया, चोट या अन्य कारणों से घुटने एवं कूल्हे की गंभीर समस्याओं से पीड़ित मरीजों के लिए विवेक मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, बिजनौर आशा का केंद्र बनकर उभर रहा है। अस्पताल में आधुनिक तकनीक एवं अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। मरीज अब विवेक हॉस्पिटल की चिकित्सा गुणवत्ता, आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम पर भरोसा जता रहे हैं। अत्याधुनिक तकनीक एवं उन्नत सर्जिकल पद्धतियों के कारण प्रत्यारोपण के बाद मरीज को अगले ही दिन चलाने का प्रयास किया जाता है, जिससे वह शीघ्र सामान्य जीवन की ओर लौट सके।


श्री अमित गोयल




विवेक हॉस्पिटल सूत्रों के अनुसार कम खर्च पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों के लिए घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण जैसी जटिल सर्जरी भी निःशुल्क की जा रही है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। अस्पताल की एक विशेषता यह भी है कि मरीज को उपचार के लिए विभिन्न स्थानों पर भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ती। एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ऑपरेशन से पूर्व की जाने वाली सभी आवश्यक जांचें, चिकित्सकीय परामर्श, विशेषज्ञों की राय तथा ऑपरेशन के बाद की देखभाल की संपूर्ण व्यवस्था अस्पताल परिसर में ही उपलब्ध है।

वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. पी.एल. साहनी के नेतृत्व में घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त अस्पताल में किडनी, हृदय, न्यूरो एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुभवी टीम उपलब्ध है, जिसके कारण किसी भी प्रकार की आपात स्थिति का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा सकता है। जटिल मरीजों के लिए मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम द्वारा संयुक्त रूप से उपचार योजना बनाई जाती है, जिससे उपचार की सफलता की संभावना और अधिक बढ़ जाती है।

### अत्याधुनिक मॉडयूलर ओ.टी.

विवेक हॉस्पिटल का अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर संक्रमण नियंत्रण के उच्च मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। सर्जरी के दौरान संक्रमण रोकथाम, उपकरणों की पूर्ण स्टेरिलाइजेशन, नियंत्रित वातावरण तथा मरीजों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। यही कारण है कि अस्पताल में सफल सर्जरी और बेहतर परिणामों का प्रतिशत निरंतर बढ़ रहा है।

### महानगरों जैसी सुविधाएं

**विवेक हॉस्पिटल के अध्यक्ष अमित गोयल का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल सर्जरी करना नहीं, बल्कि मरीज को दर्दमुक्त, सक्रिय और आत्मनिर्भर जीवन वापस देना है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञों और मानवीय सेवा भावना के साथ विवेक मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, बिजनौर क्षेत्रवासियों को महानगरों जैसी स्वास्थ्य सेवाएं उनके अपने जिले में उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।**

# ‘साहब ! मैं मरी नहीं हूं...मैं तो ज़िंदा हूं’

## नईमा खातून को मृत दर्शाकर उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया

**बढ़ापुर ( चिंगारी )। ‘साहब, मैं मरी नहीं हूं। मैं तो जिंदा हूं। आपके सामने खड़ी हूं। मर गई होती तो आपके दफ्तर में कैसे आ जाती ? मैं बिल्कुल भी झूठ नहीं बोल रही हूं। आप मेरी जांच करा लो। मेरे ऊपर इतनी दया कर दो कि मैं जिंदा हो जाऊं।’**

अधिकारियों के सम्मुख यह गुहार लगाने वाली कस्बा निवासी एक महिला है जिसे मृत दर्शाकर उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है।

कस्बे के मुहल्ला नौमी निवासी नईमा खातून पत्नी वहीदुल्ला का आरोप है कि उसे जीवित होते हुए पूर्ति विभाग में मृत दर्शा कर उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। महिला का कहना है कि वह गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है, उसका पति बीमार रहता है। उसका राशन कार्ड क्रमांक 1134130755 है। राशन कार्ड कुल 6 यूनिट है।


पीड़ित महिला

महिला का आरोप है कि 6 माह पूर्व जब वह राशन लेने गई थी, तब से राशन डीलर उसे हर माह यह कहकर भगा देता है कि तू तो मर चुकी है, इसलिए तेरा राशन कार्ड पूर्ति विभाग ने निरस्त कर दिया है। पीड़ित महिला का कहना है कि जब उसे राशन डीलर की बात पर विश्वास नहीं हुआ तो उसने जनसेवा केंद्र पहुंचकर ऑनलाइन चैक कराया तो उसमें मृत दर्शाने के कारण उसका राशन कार्ड निरस्त होना दिखाया गया है। इसके बाद से वह लगातार पूर्ति विभाग और उपजिलाधिकारी नगीना के कार्यालय के चक्कर लगा-लगाकर अपने जिंदा होने का सबूत दे चुकी है। मगर कोई भी अधिकारी उसकी गुहार सुनने को तैयार नहीं है। अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे देते हैं कि मामले की जांच कराई जाएगी, लेकिन कई माह से उसकी कोई सुनवाई न होने से उसका परिवार आहत है और राशन बंद होने से बहुत मुश्किल और कठिन दौर से गुजर रहा है।

# पुरानी रंजिश में लाठी-डंडे बरसाये युवक के सिर में 30 टांके आये

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर के निवासी वीरेन्द्र सिंह पुत्र छोटे सिंह ने बताया कि कल शाम लगभग 7 बजे उनका पुत्र छत्रपाल अपने खेत पर सब्जी तोड़ रहा था, जबकि उनका नौकर ब्रह्मपाल निवासी ग्राम कामराजपुर उनके पिग फार्म पर मौजूद था। तभी सत्यम पुत्र ब्रह्मपाल निवासी ग्राम सलेमपुर भट्टा थाना नांगल अपने साथ शिवा पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम तिसोतरा को लेकर आया तथा उनके नौकर के साथ गाली-गलौच करने लगा। उसने गालियां देने से मना किया, तो मारपीट शुरू कर दी। उसके सिर में चोट लगी है। वीरेन्द्र सिंह का कहना है कि उसके बाद आरोपियों ने उनके पुत्र छत्रपाल के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसका सिर बुरी तरह से फट गया तथा वह बेहोश होकर खेत में गिर गया। वीरेन्द्र सिंह का कहना है आरोपियों द्वारा पुरानी रंजिश में उनके पुत्र को लाठी-डंडों से बुरी तरह से मारा गया है। उसके सिर में 30 से ज्यादा टांके आये हैं तथा उसका उपचार जिला चिकित्सालय बिजनौर में चल रहा है। वीरेन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने विगत रात्रि में आरोपियों सत्यम और शिवा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश में विगत रात्रि दबिश दी गई थी, मगर वे फरार मिले।

# रेलवे स्टेशन पर अवशेष कार्य पूरा करने को नया ठेका आवंटित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण के रुके होने के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। तय समय सीमा में कार्य होंगे।


अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का रूका पड़ा कार्य।

आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्रालय सहित रेलवे के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया था कि मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद के तहत उत्तराखंड के प्रवेश द्वार पर स्थित नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं, जिसमें प्रथम चरण का कार्य तो पूरा कर लिया गया, परंतु द्वितीय चरण का कार्य रुका पड़ा है, जिस कारण आने-जाने वाले पैसेंजरों आदि को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### जल्दी शुरू होगा द्वितीय चरण का कार्य

इसी परिपेक्ष में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद ने आरटीआई कार्यकर्ता को बताया कि अवशेष विकास कार्यों हेतु नया ठेका आवंटित किया जा चुका है तथा कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। कार्य निर्धारित समय सीमा के अनुसार पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। कार्य पूर्ण होने पर यात्रियों को बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिसमें फुट ओवरब्रिज तथा एक्सीलेटर आदि की सुविधाएं भी शामिल हैं।

## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में मेरा नाम MOHD ADNAN है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम MOHAMMAD ADNAN है। भविष्य में मुझे मेरे नाम MOHAMMAD ADNAN से जाना व पहचाना जाये। **-मोहम्मद अदनान पुत्र शरीफ अहमद, निवासी मौहल्ला रम्पुरा, नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

# परिवहन विभाग और पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान



**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल शाम परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने परिवहन विभाग एवं पुलिस अधिकारियों के साथ भनेड़ा टोल प्लाजा पर विशेष वाहन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की गई। चैकिंग के दौरान कई वाहन चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना हेलमेट, बिना वैध दस्तावेजों तथा बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाते पाए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा कई वाहन चालकों की अल्कोहल डिटेक्टर मशीन से जांच की गई, ताकि नशे में वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान एआरटीओ प्रशासन बिजनौर महेश कुमार शर्मा, आरटीओ मुरादाबाद राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. के.जी. सिंह, सीओ नजीबाबाद सहित परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# इनामपुरा के खलील की पुणे में मौत


खलील अंसारी का फाइल फोटो

हल्दौर ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव इनामपुरा निवासी एक व्यक्ति की पुणे में मौत हो गयी, जिससे उसके परिवार व गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव इनामपुरा निवासी खलील अंसारी ( 40 वर्ष ) पुत्र अब्दुल शकूर ने पिछले करीब 10 सालों से पुणे में एक बेकरी चला रखी थी। परिजनों के अनुसार जुमेरात को बेकरी में काम करते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गयी। तुरंत उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका उपचार चल रहा था। शुक्रवार की तड़के उपचार के दौरान खलील अंसारी की मौत हो गई। जिसकी सूचना फोन पर मिलते ही ग्राम इनामपुरा में उनके परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन उनका शव लेने के लिए पुणे रवाना हो गए हैं। शनिवार देर शाम उनका शव गांव पहुंचा और इशा की नमाज के बाद उन्हें दफना दिया गया।


धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति


अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ करें शिकायतों का निस्तारण- डीएम

## चांदपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में तहसील चांदपुर के मीटिंग हॉल में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की 63 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।




जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास करना और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान करना सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और ज़िम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 63 शिकायतें दर्ज की गयीं, जिन में 04 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय उपस्थित रहे।



Hero
बाइक बिकाऊ है
Hero

हीरो की सबसे दमदार बाइक
Mavrick 440cc
पुरानी बाइक शीघ्र बिकाऊ है।
मात्र 9 किलोमीटर चली हुई।
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# भाजपा ने एसबीडी कॉलेज में आयोजित किया योग कार्यक्रम

## शिवाजी पार्क, केदारनाथ धर्मशाला में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये

**धामपुर ( चिंगारी )।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य प्रशांत त्यागी में योग कराए। कार्यक्रम में पूर्व परिवहन राज्य मंत्री अशोक कटारिया भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान पूर्व पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव सिसोदिया, सुभाष चौहान, राघव शरण गोयल, दीपक अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, प्रमोद राठी, दयाशंकर सैनी आदि योग साधना में उपस्थित रहे।



इनके अलावा नगर पालिका परिषद के शिवाजी पार्क में योग शिक्षक पंकज अग्रवाल ने योग कराया। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा जबकि फल चौक स्थित लाला केदारनाथ अग्रवाल धर्मशाला में योग करो हंसमुख रहो संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में योगाचार्य विजय प्रकाश वर्मा व श्रीमती राधा रानी को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य अशोक गोयल उर्फ गौरू लाल, सतीश वर्मा, अशोक अग्रवाल, संजय अग्रवाल मुनिया, पंकज अग्रवाल सेवानिवृत्ति दरोगा जी आदि ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह व डॉक्टर आदित्य अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# बालिका विद्या मंदिर में योग दिवस मनाया गया

**धामपुर ( चिंगारी )।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती देवी, शिक्षिका श्रीमती पूर्णिमा शर्मा, संरक्षक राकेश चन्द्र अग्रवाल, प्रबंधिका रश्मि गोयल कोषाध्यक्ष श्रीमती अनीता गोयल, पारुल अग्रवाल, राजीव गोयल, सन्दीप गोयल, संजय अग्रवाल, प्रियांशी जोशी, जूही, हेमलता, परी आदि छात्राओं ने योग दिवस मनाया। कार्यकम का संचालन श्रीमती रेनू कुमारी ने किया।

# युवक ने अंटी में तमंचा लगा रखा था, पकड़ा गया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल थाना किरतपुर पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अनिकेत उर्फ अंकित पुत्र बाबूराम निवासी मोहल्ला अम्बे विहार, थाना कोतवाली शहर, जनपद बिजनौर बताया। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है।

# अधिशासी अभियंता ने चौपाल लगाकर किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याएं सुनीं

**धामपुर ( चिंगारी )।** अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन नहटौर नहर प्रणाली के अन्तर्गत ग्राम भटियाना

### किसानों ने किया सम्मानित

में शनिवार को ग्राम पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया। अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा ने किसानों की नहर सम्बन्धित समस्याओं को सुना तथा यथाशीघ्र सभी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि नहरें हमारी जीवन रेखायें हैं, इनकी सुरक्षा एवं साफ-सफाई रखना हम सभी का उत्तरदायित्व है । उन्होंने कृषकों से कहा कि फसल में उचित गहराई तक ही सिंचाई करें, सिंचाई करने के बाद अपना कुलाबा बन्द कर दें, कटिंग अथवा बन्धा लगाकर सिंचाई न करें तथा कुलावों के स्थान परिवर्तन का प्रयास न करें।


अधिशासी अभियंता को सम्मानित करते हुए किसान।

इस अवसर पर नहटौर नहर प्रणाली के किसानों द्वारा सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध कराने एवं समस्याओं का निराकरण हेतु कुशल नेतृत्व एवं प्रबन्धन के लिए अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय कृषकों द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर चन्द्रकुश चौहान की कार्य प्रणाली एवं कृषकों से समन्वय की प्रशंसा की गई। इस दौरान सींचपर्यवेक्षक मुकेन्द्र कुमार, विभागीय कर्मचारी वरूण कुमार, रोहित कुमार, अंकित कुमार एवं क्षेत्रीय कृषक डा. दानवीर सिंह, सुधीर कुमार, चमन सिंह, लोकेन्द्र सिंह, पिन्टू आदि मौजूद रहे।

# विकास खण्ड परिसर में योगाभ्यास कर मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकास खंड परिसर में योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान एवं खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में योग गुरु योगराज सिंह ने योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विकास खंड परिसर में पौधारोपण भी किया।


योग दिवस कार्यक्रम में मौजूद ब्लॉक प्रमुख।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, पंकज कुमार, मयंक चौहान, रविंद्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण सत्येंद्र चौहान, पंचायत सचिव अंकुश कुमार, विनीता रानी, विनीत कुमार, सौरभ कुमार, त्रिवेंद्र कुमार, मोहित कुमार,अमित कुमार सहित विकास खंड के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने किया योगाभ्यास

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ सभा (सुनारों वाले मन्दिर ) में महिलाओं द्वारा योग दिवस के अवसर पर उमा वर्मा के निर्देशन में विभिन्न योग क्रियाएं की गई। उमा वर्मा ने कहा कि योग हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए योग से शरीर मन और आत्मा संतुलित रहते हैं शरीर बहुत सी बीमारियों से मुक्त रहता है। इस अवसर पर सुमन वर्मा, कंचन वर्मा, सोनी वर्मा, तनु वर्मा, आनंदी वर्मा, यासी वर्मा, ज्योति वर्मा, उमा वर्मा, नमीता वर्मा, रुक्मणी वर्मा, रेनू तोमर, प्रेमवती आदि उपस्थित रही।

# योग से भारत का बढ़ा वजूद नहटौर में बोले अनिल सूद

**नहटौर ( चिंगारी )।** रविवार को बलराम कुँवर सरस्वती विद्या मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मध्य प्रदेश सह-प्रभारी अनिल सूद रहे। इस दौरान उन्होंने योग साधकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें टी-शर्ट वितरित कीं। योग प्रशिक्षक करण सिंह सैनी और विद्यालय के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से सभी को योगाभ्यास कराया।



इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिल सूद ने कहा कि हमारे देश में ऋषि-मुनि प्राचीन काल से ही योग करते आ रहे हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर योग की शुरुआत की, तो दुनिया के तमाम देशों ने इसका पुरजोर समर्थन किया। शरीर को निरोगी रखने के लिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन आधा से एक घंटा योग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक विवेक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार अग्रवाल, व्यवस्थापक सिद्धार्थ कुमार अग्रवाल और प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा,अध्यापक शैलेंद्र कुमार सिसोदिया, नरेश कुमार, उनेश कुमार, अशोक कुमार, राजीव सक्सेना, अनुज कुमार, राजेंद्र कुमार, रमेश सैनी, सुरेंद्र कुमार, कपिल कुमार, सोनी शर्मा और विशाल शर्मा, सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# योग करने से शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है : आशीष शर्मा



## धामपुर शुगर मिल में योगाचार्यों ने कराया योगाभ्यास

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में धामपुर शुगर मिल परिसर में योगाचार्य दुष्यंत राणा एवं कामराज चौहान ने योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में आशीष शर्मा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर चुस्त-दुरुस्त और स्वस्थ रहता है तथा गंभीर बीमारियों से बिना दवाई के भी बचा जा सकता है। कार्यक्रम संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सत्यवीर सिंह, लायक राम, योगेंद्र सिंह, दुर्गेश राठौर, विनोद राणा, आबिद हुसैन, अनुज मलिक, वीरेंद्र सुपरवाइजर, प्रवीण भारतीया, कमल सिंह पंवार, गजेंद्र सिंह, अमित चौहान, विदेश कुमार, नवीन गुप्ता, प्रेम सैनी, सोमपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, अर्जुन कुशवाहा, विनोद बिष्ट, अजय पांडेय, चितरंजन, राकेश कुमार, सुमित शर्मा, पम्मी चौहान, कुसुम राणा, पुष्पा गुप्ता, सुनीता गुप्ता, शुची, मधु, ऊषा पंवार, वर्षा सहित आदि श्रमिक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

# छात्रों व शिक्षकों ने किया योग



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया इस दौरान छात्रों के संग शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। प्रधानाचार्य योगेश पाल सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात योगाचार्य विनोद कुमार आर्य ने सभी को विभिन्न योगासन प्राणायाम और ध्यान आदि का अभ्यास कराते हुए योग की सही तकनीक और होने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी। इस अवसर पर बिजेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, विजयपाल सिंह, विपिन कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, नीरज कुमार, अंकित, राजेंद्र सिंह, अनीता, नीलम और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# हंगामा लोक समिति ने लगाया योग शिविर

**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक,साहित्य समिति के संरक्षक डॉ जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, सदस्य शशिबाला शर्मा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। योगगुरु डॉ. राजमोहन विश्वास द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग गुरु डॉ. राजमोहन विश्वास को हंगामा लोक गौरव सम्मान से सम्मान पत्र भेट कर सम्मानित किया गया।

# मेडिकल अस्पताल में भी हुआ योग कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय परिसर में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शासन एवं मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। शिविर में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. योगविंदर ने योग प्रशिक्षक के रूप में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने दैनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा जीवन ऊर्जावान बना रहता है। कार्यक्रम में डॉ. प्रेम प्रकाश, चीफ फार्मासिस्ट आनंद प्रकाश, अस्पताल प्रबंधक रोहित कुमार, हिमांशु, तिलकराम, कुलदीप सहित चिकित्सालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया और अपने जीवन में नियमित रूप से योग अपनाने का संकल्प लिया।



# चांदपुर में योग दिवस पर हुये अनेक कार्यक्रम

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जगह-जगह योग का कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया गया।

हेजलमून स्कूल में आयह्योजित कार्यक्रम में स्कूल की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने की एक कला है। नगर के बिजनौर बाईपास मार्ग स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डा दीपक अरोड़ा ने योग की सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में राज योगिनी साधना दीदी ब्रह्मा कुमारी पूजा दीदी, महावीर भाई आदि मौजूद रहे।




हिंदू इंटर कालेज में भी योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा व महेन्द्र सिंह त्यागी ने शिक्षको व अन्य लोगों को योग का अभ्यास कराया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में योग दिवस पर बड़ी संख्या में लोगों ने योग किया। इस अवसर पर पंकज वैश्य, प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, सुनील शर्मा, अवनीश त्यागी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व अन्य लोगों ने योग किया। किसान इंटर कालेज केलनपुर में प्रबंधक डा खूब सिंह व प्रधानाचार्य नीरज कुमार शर्मा ने योग कराया। इस अवसर पर योग गुरु डा खूब सिंह ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करने पर जोर दिया।

# ऋतु खंडूडी ने दुगड्डा में किया विकास कार्यों का शिलान्यास

## क्षेत्र का समग्र विकास ही प्राथमिकता : खंडूडी




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने विकासखंड दुगड्डा के अंतर्गत कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं.1 ग्रास्टनगंज, वार्ड नं. 2 कुम्भीचौड़ एवं वार्ड नं. 3 लालपानी सनेह में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रास्टनगंज एवं कुम्भीचौड़ में 18.50 लाख तथा वार्ड नं. 03 लालपानी सनेह में 35.75 लाख की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग एवं जनता के विश्वास से कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। कहा कि वर्ष 2022 से अब तक इन तीनों वार्डों में अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य संपन्न किए गए हैं। क्षेत्र में 4 नई पुलियों का निर्माण कराया गया है। इसके अतिरिक्त लगभग 50 करोड़ की लागत से बाढ़ सुरक्षा दीवारों के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, विभिन्न विद्यालयों में मरम्मत एवं फर्नीचर की व्यवस्था के कार्य कराए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही अनेक नई सड़कों का निर्माण, पुरानी सड़कों का सुधारीकरण तथा नहरों के निर्माण एवं पुनरोद्धार के कार्य भी किए गए हैं, जिससे क्षेत्र में आवागमन एवं सिंचाई सुविधाओं को मजबूती मिली है।

उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता कोटद्वार विधानसभा के प्रत्येक गांव, वार्ड एवं क्षेत्र का समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल आधारभूत संरचना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और क्षेत्र को नई पहचान दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं ताकि जनता को उनका लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, पार्षद संजय भंडारी, अनिल रावत, जेपी ध्यानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजयानंद पोखरियाल, बीना रावत, किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरज नेगी, रेनू कोटियाल, मीना अधिकारी, पुरुषोत्तम कोटियाल, संजय रावत, अरविंद बनियाल, रजनी बिष्ट और आदित्य त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बार-बार दिला रहे ध्यान, नहीं हो रहा समस्या समाधान

## पूर्व सैनिक संगठन ने जताया रोष

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन की संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में कोटद्वार शहर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और नगर निगम व प्रदेश सरकार से समस्याओं का निस्तारण करने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार के नगर निगम बनने के बाद लोगों की परेशानियों में वृद्धि ही हुई है। नगर निगम विभिन्न प्रकार के टैक्स जनता पर थोपने की तैयारी कर रहा है, वहीं शहर में अभी तक ट्रंचिंग ग्राउंड का मुद्दा सुलझ नहीं पाया है। नगर निगम को आबादी के बीच गाड़ीघाट में संचालित हो रहे ट्रंचिंग ग्राउंड को भी अन्यत्र शिफ्ट करना चाहिए, वहीं शहर में लावारिस घूमते पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डा अभी तक नहीं बन पाया है। इसके साथ ही शहर में ऐसी कई समस्याएं हैं, जिनका निस्तारण किया जाना आवश्यक है। प्रदेश सरकार व नगर निगम को इस ओर अवश्य ध्यान देना चाहिए। बैठक में जी के बड़थ्वाल, डी एस नेगी, बलवान सिंह रावत, संजय असवाल, वीरेंद्र सिंह रावत, यशवंत सिंह, रोशन नेगी, यतेंद्र भट्ट, रोहित रावत और अरविंद नेगी सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# नशामुक्त समाज बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी ज़रूरी - डोभाल

## नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यशाला आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार पुलिस द्वारा इन दिनों विभिन्न विद्यालयों और भाबर क्षेत्र स्थित औद्योगिक इकाइयों में नशे के दुष्प्रभाव व साइबर अपराधों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भाबर क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलालघाटी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजा राम डोभाल ने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को प्रभावित करती है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने ही घर से चोरी करने में नहीं हिचकता और धीरे-धीरे अपराधी बन जाता है। कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। मौके पर पुलिस टीम ने उपस्थित युवाओं एवं कर्मचारियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी तथा इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी से बचाव के संबंध में जानकारी इेते हुए कहा गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन पर बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करना चाहिए।

इस अवसर पर रविंद्र भट्ट, रवींद्र रावत, मनोज कुमार, दीपक रावत, भास्कर नेगी, चंदन सिंह और मनोहर लाल सहित बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारीज के देहरादून सब जोन ने नजीबाबाद के सप्तपदी गार्डन में मनाया योग दिवस

**देहरादून/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के देहरादून सब जोन केंद्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नजीबाबाद के सप्तपदी गार्डन में राजयोग, हठयोग , प्रणायाम व योगाभ्यास करके योग से तन-मन के स्वस्थ रहने का संदेश दिया। उत्तराखंड सब जोन प्रभारी राजयोगिनी बीके मंजू दीदी,हरिद्वार सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके मीना दीदी,रुड़की सेवा केंद्र प्रभारी बीके गीता दीदी,नजीबाबाद ब्रह्माकुमारीज केंद्र प्रभारी बीके शालू दीदी समेत अनेक केंद्रों से आई राजयोगिनियो ने जहां योगाभ्यास कराते हुए योग दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला,वही संचालन करते हुए राजयोगी बीके सुशील भाई ने बताया कि राजयोग ही वास्तव में प्राचीन योग विद्या है ,जिसके माध्यम से आत्मा योग लगाकर परमात्मा से मिलती है। कार्यक्रम का उद्घाटन धामपुर नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष लीना सिंघल, शिक्षा विद आशीष सिंघल, राजयोगिनी बीके मंजू दीदी, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ श्रीगोपाल नारसन व ब्रह्मकुमार सुशील भाई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया।




धामपुर नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष लीना सिंघल ने राजयोग व भौतिक योग दोनो को उपयोगी बताया व उसके नियमित अभ्यास पर जोर दिया। युवा योग शिक्षक तुषार ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया व प्राणायाम कराकर प्राणायाम के फायदे भी गिनाए। आशीष सिंघल ने कहा कि योग जीवन नियमित दिनचर्या की तरह होना चाहिए, तभी हम रोगमुक्त होकर स्वस्थ रह सकते है। युवा संगीतकार विपुल ने गिटार की धुन पर शिवमय गायन किया। इस अवसर पर गुरुकुल आर्य कन्या विद्यापीठ नजीबाबाद की आचार्य दुर्गेश आर्या के नेतृत्व में ब्रह्माचारिणी स्वाति आर्या,रूबी आर्या, ऋचा आर्या व ख्याति आर्या ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रोगमुक्ति के आसन कराए। कार्यक्रम में ऋषिकेश सेवा केंद्र प्रभारी बीके आरती, मसूरी केंद्र प्रभारी बीके सोनिया, विकास नगर केंद्र प्रभारी बीके तारा, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ. श्रीगोपाल नारसन, वरिष्ठ पत्रकार अमन कुमार त्यागी आदि मौजूद रहे।

# योग को व्यायाम के साथ जीवनशैली के रूप में अपनायें : प्रो. रावत

## पं. ललित मोहन शर्मा परिसर में योग शिविर का आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के पं.ल.मो.शर्मा परिसर, ऋषिकेश के योग विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के छठे दिन प्राणायाम, ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयक विशेष सत्र आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. एम. एस. रावत ने कहा कि वर्तमान समय योग न केवल सम्पूर्ण स्वास्थ्य का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है, अपितु हानि रहित विधा है। उन्होंने कहा कि यदि योग को केवल व्यायाम के रूप में न देखकर जीवनशैली के रूप में अपनाया जाए तो यह व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि आज समाज को केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ लोगों की नहीं बल्कि मानसिक रूप से संतुलित, संवेदनशील और सकारात्मक सोच रखने वाले नागरिकों की आवश्यकता है, और योग इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सत्र में योग शिक्षिका सुरभि एवं अंजलि ने प्रतिभागियों को कपालभाति, नाड़ी शोधन, भ्रामरी एवं उज्जायी प्राणायाम का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रत्येक प्राणायाम की विधि, अवधि, सावधानियों तथा स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है, रक्त संचार बेहतर होता है तथा मानसिक तनाव में कमी आती है। इस अवसर पर संकायध्यक्ष प्रो. पी.के सिंह, योग समन्वयक प्रो. वी. के. गुप्ता, विभागाध्यक्ष डा.जयप्रकाश कंसवाल, डॉ. चंदरेश्वरी नेगी एवं प्रतिभागियों में अंकित सोनी, मुकेश, सोहेब, मंदिरा, अंकित, केशव, सुषमा, मान्या, सुरभि, अरविन्द सिंह, ईशान सिंह, तनूजा, सलोनी, राजन, अमन, सृष्टि आर्य, ईशा आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक 23 को करेंगे सचिवालय का घेराव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी ने एसोसिएशन के आंदोलन को लेकर कोटद्वार में उत्तराखण्ड विधानसभा अध्यक्ष, कोटद्वार नगर निगम महापौर तथा लैंसडाउन विधान सभा विधायक को ज्ञापन सौंपा और अपने स्तर से मांगों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि आंदोलन शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, पदोन्नति, स्थानांतरण, आरक्षण व्यवस्था, पेंशन तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लंबित मामलों के त्वरित संवैधानिक एवं विधिक समाधान के साथ-साथ अनुसूचित जाति-जनजाति समुदाय के सामाजिक, शैक्षिक एवं संवैधानिक अधिकारों से संबंधित मांगों से जुड़ा है। कहा कि वर्षों से लंबित इन मांगों के कारण शिक्षक वर्ग में असंतोष पनप रहा है। उन्होंने बताया कि आंदोलन का अंतिम चरण 23 जून 2026 को प्रस्तावित सचिवालय घेराव एवं शांतिपूर्ण हुंकार रैली के रूप में आयोजित होगा।

# चीनी मिल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**चीनी मिल नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चीनी मिल नजीबाबाद के अतिथि गृह प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रात: 6 बजे मिल के अधिकारियों व कर्मचारियो को मिल के प्रधान प्रबन्धक महीपाल सिंह (पीसीएस)ने मास्टर ट्रेनर के रूप में सर्व प्रथम गायत्री मंत्र का सामुहिक रूप से उच्चारण करा कर सभी ने ऊं की ध्वनि को गले से निकाली। इसके बाद मिल के प्रधान प्रबन्धक महीपाल सिंह (पीसीएस) ने सूर्यनमस्कार, अनुलोम विलोम कपालभाति, ताड़ासन, पद्मासन, बज्रआसन , भुजंगासन, सर्वांगसन, हलासन आदि करा कर इनका महत्व भी बताया। रविन्द्र सिंह व रामनिवास शर्मा ने शीर्षासन कर प्रदर्शन किया। अन्त में सभी ने बहुत जोर जोर से हास्य योग कर मनोरंजन किया। नीरज पाण्डेय, प्रमोद कुमार, राधेश्याम गुप्ता, आलोक गुप्ता, महीपाल सिंह, अनिल बंसल, नरदेव सिंह, मयंक कुमार, ओमप्रकाश, देवचंद्र सैनी, बाबूराम व जितेन्द्र चौहान प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों ने योग करके स्वास्थ लाभ प्राप्त किया।




# रोटरी क्लब ने सब्जी-जूसवालों और मोचियों को बांटे शेल्टर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब कोटद्वार के तत्वावधान मे स्वर्ण जयन्ती समारोह के अन्तर्गत मनाये गये सेवा सप्ताह के पांचवें दिन नगर के विभिन्न जगहों पर सड़क के किनारे 10 सब्जी , जूस बेचने वाले व मोचियों को धूप व वर्षा से बचाव के लिये शेल्टर वितरित किये गये।




पटेल मार्ग कोटद्वार में उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने किया । उन्होने कहा कि रोटरी क्लब आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों की सहायता के लिए हमेशा अग्रणी रहता है। मोची व सब्जी , जूस का काम करने वाले लोग दिन भर धूप व वर्षा मे काम करते है । इसी भावना के तहत सड़क के किनारे काम करने वाले 10 लोगों को बड़े छाते बांटे गये ताकि वे धूप व वर्षा से बचाव करके अपना कार्य करते रहे । उक्त सुविधा के लाभार्थी आशीष सैनी, दीपक, दयाराम, निरंजन इत्यादि रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव विजय कुमार ने किया इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषि ऐरन, सचिव विजय कुमार, उपाध्यक्ष डी.पी सिंह, अनीत चावला, मनीष अग्रवाल, विजय कुमार माहेश्वरी,गोपाल बंसल, अशोक अग्रवाल, बीना रावत, राजेश गुप्ता इत्यादि सदस्य उपस्थित थे ।

# प्रतीत नगर क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए डॉ. प्रेमचन्द ने विधायक निधि से 32 लाख दिए

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र के रायवाला मंडल अंतर्गत प्रतीत नगर ग्राम सभा में ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल के आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय जनता द्वारा उनका उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र का समग्र एवं संतुलित विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। डॉ. अग्रवाल ने प्रतीत नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में सड़क निर्माण, मरम्मत एवं अन्य आवश्यक विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से लगभग 32 लाख रुपये की धनराशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा विकास को नई गति प्राप्त होगी।



डॉ. अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं समर्पण के कारण ही सरकार की नीतियां और योजनाएं जनता तक प्रभावी रूप से पहुंच रही हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इसी प्रकार जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहें और क्षेत्र के विकास में सहभागी बनें।

इस अवसर पर रायवाला मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रतीत नगर ग्राम प्रधान राजेश जुगलान, बिना बंगवाल, सरस्वती अधिकारी, अंजू बडोला, सुषमा तिवारी, लक्ष्मी गुरुंग, करण मौर्या, पंकज भंडारी, बबीता कमल कुमार, सतपाल सैनी, राकेश डंगवाल, सुरेश चंद कुकसाल एवं मान सिंह कलुड़ा आदि उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर गैण्डीखाता में शिक्षकों व बच्चों ने किया योग

**लालढांग ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा लालढांग मंडल के अध्यक्ष विक्रम चौहान के नेतृत्व में गैंडीखाता स्थित सत्य प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता विक्रम चौहान जी ने की। उन्होंने स्वयं बच्चों और शिक्षकों के साथ योगाभ्यास किया।



गैंडीखाता के शिशु मंदिर में योग को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने भी ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन जैसे आसन बड़े उत्साह से किए। विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने योग कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। विक्रम चौहान ने बच्चों को बताया कि योग सिर्फ आसन नहीं, स्वस्थ जीवन की कुंजी है। दिन की शुरूआत 10 मिनट के योग से करो, मन और तन दोनों स्वस्थ रहेंगे।

# मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का प्रकाशन महत्वपूर्ण : प्रो. जोशी

## पं. ललित मोहन शर्मा परिसर में एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पं. ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश तथा भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषा पुस्तक योजना भारतीय भाषाओं के संवर्धन हेतु विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती के चित्र के समक्ष प्रो.एन.के. जोशी, प्रो. एम.एस. रावत, प्रो. विजय प्रकाश श्रीवास्तव, प्रो. अल्का सूरी, प्रो. एन.डी. काण्डपाल, डॉ. के. गिरिधर राव, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.एन.के. जोशी ने मातृभाषाओं में गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का सृजन ज्ञान के लोकतंत्रीकरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए विश्वविद्यालय की वित्त समिति के समक्ष भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट लेखन करने वाले लेखकों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु प्रस्ताव रखने का आश्वासन दिया। प्रो. एम.एस. रावत एवं प्रो. विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, विद्वानों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रो. अलका सूरी व प्रो.एन.डी. काण्डपाल ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. के. गिरिधर राव ने भारतीय भाषा पुस्तक योजना की राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संरचना, कार्य प्रणाली तथा क्रियान्वयन प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। भोजनावकाश के उपरांत आयोजित सत्र में संभावित नोडल संस्थानों की पहचान एवं उनकी तैयारियों, संभावित लीड संस्थानों की सूची, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समूह के गठन तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रो. कंचन लता सिन्हा, प्रो. वी.के. गुप्ता, प्रो. वी.एन गुप्ता, प्रो.सीमा बेनीवाल, प्रो.अनीता तोमर, प्रो. हेमलता मिश्रा, प्रो. दिनेश शर्मा, डॉ. ममता सिंह, एम.के.पी.पी.जी. कॉलेज, ऋषिकेश डॉ. लता पाण्डेय, डॉ. उर्वशी पाण्डेय, डॉ. विनोद प्रसाद जुगलान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गौरव रावत ने किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 — गौरव, विकास और संकल्प का पर्व




देवभूमि उत्तराखण्ड

विकास भी, विरासत भी

# दिव्य एवं भव्य "चारधाम यात्रा"

## आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

## चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न

**1 यमुनोत्री के पास**

जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी

**2 केदारनाथ के पास**

भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता तुंगनाथ चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल

**3 गंगोत्री के पास**

गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गर्तांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल

**4 बदरीनाथ के पास**

माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब


गणेश मन्दिर
डोडीताल, उत्तरकाशी


शनि मन्दिर खरसाली
उत्तरकाशी


कंडोलिया मन्दिर
पौड़ी गढ़वाल


कार्तिक स्वामी मन्दिर
रुद्रप्रयाग


जगन्नाथ मन्दिर
उत्तरकाशी


ज्वालपा देवी मन्दिर
पौड़ी गढ़वाल


गोपीनाथ मन्दिर
गोपेश्वर, चमोली



कमलेश्वर महादेव मन्दिर
श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल


कटारमल सूर्य मंदिर
अल्मोड़ा


जागेश्वर धाम
अल्मोड़ा


गोलू देवता मन्दिर
अल्मोड़ा


दूनागिरी मन्दिर
द्वाराहाट, अल्मोड़ा



## मेरे प्यारे देशवासियों,

देवभूमि उत्तराखण्ड की पावन धरती पर चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। बाबा केदार के दर्शन सहित चारो धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। जगदगुरु आदि शंकराचार्य ने बदरीनाथ और केदारनाथ की यात्राओं से भारतीय संस्कृति को एक नई दिशा दी थी। जगदगुरु रामानुजाचार्य और जगदगुरु मध्वाचार्य ने भी अपने धर्मविचारों को समृद्ध करने के लिए बदरीनाथ की यात्रा की थी।

आज भी हिमालय की गोद में विराजमान ये चारो धाम हमारी शाश्वत आस्था और विश्वास के दिव्य केंद्र हैं। हर वर्ष विविध भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों के लोग यहां पहुंचते हैं और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के भाव को और अधिक सशक्त करते हैं। इस वर्ष की यात्रा भी इसी परंपरा का विस्तार है।

हमारे शास्त्रों में कहा गया है,

**अग्निष्टोमादिभिर्यज्ञैरिष्ट्वा विपुलदक्षिणैः।**
**न तत्फलमवाप्नोति तीर्थाभिगमनेन यत्॥**

भाव ये है कि बड़े-बड़े यज्ञों और दान आदि से हमें अपार पुण्य प्राप्त होते हैं। और इन अनुष्ठानों से भी कहीं अधिक पुण्य, हमें तीर्थ यात्राओं से प्राप्त होता है।

विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखण्ड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुछ वर्ष पहले, बाबा केदार के द्वार पर मैंने कहा था कि ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। आज उत्तराखण्ड की प्रगति इस विश्वास को साकार कर रही है। उत्तराखण्ड आज पर्यटन, आध्यात्मिकता और आर्थिक प्रगति, तीनों क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखण्ड में विकास का जो महायज्ञ चल रहा है, उसने चारधाम यात्रा को पहले से अधिक सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाया है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं, संतजनों और पर्यटकों को बहुत सुविधा हो रही है। इन सारे कामों में उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता का ध्यान रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

मैं उत्तराखण्ड आने वाले हर अतिथि से भी कहूंगा कि वो इस नए अनुभव का आनंद जरूर लें। सभी यात्रीगण अपनी यात्रा के दौरान डिजिटल उपवास रखने और उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता को जीने का प्रयास भी करें। इससे आपको एक अलग संतुष्टि भी मिलेगी।

चारधाम की हर यात्रा में हम एक संकल्प लेकर अपने मूल स्थान से देवभूमि के लिए आते रहे हैं। इसी क्रम में, मैं भी आपसे पांच संकल्पों का आग्रह करना चाहता हूं:

**पहला संकल्प - स्वच्छता सर्वोपरि** : धाम और उसके आस पास स्वच्छता बनाए रखें। नदियों को साफ रखने के लिए अपना योगदान दें। सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्त यात्रा का संकल्प लें और इस पावन धरा की गरिमा को बनाए रखें।

**दूसरा संकल्प - प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता** : हिमालय की इस दिव्य धरा के प्रति संवेदनशील रहें। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हुए, 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

**तीसरा संकल्प - सेवा, सहयोग और एकता पर बल** : पुरातन काल से हमारी तीर्थ यात्राएं सर्वजन की सेवा और सामाजिक समरसता को स्थापित करने का माध्यम रही हैं। आज भी लोग इसी सेवा भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा करते हैं। मैं चारधाम आने वाले हर तीर्थयात्री से भी आग्रह करता हूं कि वो अपनी यात्रा के हर दिन, किसी ना किसी रुप में, लोगों की सेवा का एक काम अवश्य करें।

सहयात्रियों की सहायता करें और देश की विभिन्न जगहों से आए लोगों से जुड़ें। उनकी परंपराओं का सहभागी बनकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को इस यात्रा के माध्यम से सशक्त करें।

**चौथा संकल्प - वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा** : अपने मूल स्थान से चलकर यात्रा से घर लौटने तक अपने कुल खर्च का पांच प्रतिशत हिस्सा लोकल उत्पादों को खरीदने पर जरूर खर्च करें। अगर किसी स्थानीय चीज की जरुरत इस मौसम में नहीं भी है, तो भी उसे भविष्य के इस्तेमाल के भाव से ही खरीदने का प्रयास करें।

**पांचवां संकल्प - अनुशासन, सुरक्षा और मर्यादा का पालन** : यात्रा के नियमों और यातायात निर्देशों का पालन करें। एक जिम्मेदार और सजग नागरिक के रुप में इस तीर्थ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएं। हम ये प्रयास करें कि हमारी यात्रा से, इस यात्रा के आयोजन और प्रबंधन में जितने भी लोग लगे हुए हैं, उन्हें कोई असुविधा ना हो।

हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में हमारे क्रिएटर्स, इंफ्लुएंसर्स चारधाम दर्शन के लिए जाने लगे हैं। मैं सभी से ये आग्रह करूंगा कि वो उत्तराखण्ड की स्थानीय कहानियों और यहां की छोटी-छोटी परंपराओं को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें।

बाबा केदार के साथ ही चारो धामों का आशीर्वाद आपके जीवन में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नए संकल्पों का संचार करे। मेरी यही कामना है।

आप सभी को एक सफल, सुरक्षित, दिव्य और आत्मीय यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका

नरेन्द्र मोदी

**नरेन्द्र मोदी**













" माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। "

**पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## महत्वपूर्ण सूचना

- यात्रा से पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है।
- रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
- अपने साथ पर्याप्त ऊनी कपड़े, छतरी, रेनकोट आदि अवश्य रखें।
- पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान सटीक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करें।
- वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी जाती है।
- यदि आप कोई दवा लेते हैं तो प्रचुर मात्रा में स्टॉक साथ रखे।
- यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें, जिससे जलवायु अनुकूल हो सकें।
- यदि आप अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं तो यात्रा ना करें।
- धामों पर दर्शन कराने का दावा करने वाले अनधिकृत व्यक्तियों से बचें।
- यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलाकर, उन्हें स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करें।
- कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को उचित स्थलों पर ही पार्क करें।
- सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

| पंच केदार | पंच प्रयाग | पंच बद्री |
|---|---|---|
| 1. केदारनाथ | 1. देवप्रयाग | 1. विशाल बद्री |
| 2. तुंगनाथ | 2. रुद्रप्रयाग | 2. योगदर्शन बद्री |
| 3. रुद्रनाथ | 3. कर्णप्रयाग | 3. भव्य बद्री |
| 4. मदमहेश्वर | 4. नन्दप्रयाग | 4. वृद्धा बद्री |
| 5. कल्पेश्वर | 5. विष्णुप्रयाग | 5. आदि बद्री |



**केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से हेलीकॉप्टर बुकिंग करें धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें।**

**www.heliyatra.irctc.co.in**

**चारधाम यात्रा पर आप पंच केदार, पंच प्रयाग एवं पंच बद्री के भी दर्शन कर सकते हैं।**

**पंच बद्री में अलग-अलग रुपों में भगवान विष्णु की पूजा की जाती है।**

### रजिस्ट्रेशन के माध्यम

वेबसाइट पर जाएं या QR कोड स्कैन करें:
registrationandtouristcare.uk.gov.in

ऐप डाउनलोड करें
touristcareuttarakhand
Google Play | App Store

अधिक जानकारी के लिए हमारे **टोल फ्री नंबर (24x7)** पर संपर्क करें

**0135-3520100**

विस्तृत जानकारी हेतु **फोन नंबर**
**0135-2552627**
**0135-2559898**
पर संपर्क करें

**ई-मेल :** touristcare.uttarakhand@gmail.com

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR